हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 33 .5 डिग्री

न्यूनतम 21.5 डिग्री


11 विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने किया .....






12 पांच साल में शहर की सफाई पर खर्च होंगे 86 करोड़




## खबर संक्षेप

### दरबारीमल मंदिर में कल से गणेश महोत्सव

**महम।** कस्बा महम के लाला श्री दरबारीमल मंदिर में बुधवार 27 अगस्त से श्री गणेश महोत्सव मनाया जाएगा। समाजसेवी दीपक गुप्ता ने बताया कि गणेश महोत्सव 31 अगस्त तक चलेगा। बुधवार 27 अगस्त को सुबह 9 बजे गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। रविवार तक रोजाना शाम तीन बजे से छह बजे तक कीर्तन किया जाएगा। रविवार शाम को 6 बजे श्री गणेश की प्रतिमा का विर्सजन किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए 30 को स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** उपायुक्त एवं रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला में 60 वर्ष से अधिक के उम्र के वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस समिति के सांझा प्रयास से अलिम्को कंपनी के सहयोग से 30 अगस्त को रेडक्रॉस भवन में सुबह 9 बजे से जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस जांच शिविर में बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिकजन आ सकते हैं, जिन बुजुर्ग जन को कानों की सुनने वाली मशीन, व्हीलचेयर, कमर बेल्ट, गोडे की बेल्ट कम बोर्ड चेयर, सहित विभिन्न उपकरण की आवश्यकता है। 27 अगस्त तक कोई भी बुजुर्ग अपना पंजीकरण रेडक्रॉस में करवा सकता है, जिसके लिए आधार कार्ड और फैमिली आई डी का साथ लाना जरूरी है।

### 25 हजार रुपये की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने 25 हजार रुपये की ठगी की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। बहु अकबरपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 28 फरवरी को गद्दी खेडी निवासी प्रेम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 25 फरवरी को प्रेम के पास कॉस आया। युवक ने प्रेम को प्रेम के नाम से बोलकर हालचाल पूछने लगा। प्रेम को युवक की आवाज अपने दोस्त जैसी लगी। युवक ने प्रेम को कहा कि वह उसके खाते में 25 हजार रुपये भेज रहा है।

### देव ने मेडल जीत कर नाम रोशन किया

**सांपला।** खेल प्रतियोगिता में खंड के गांव चुलियाणा निवासी देव ने मेडल जीत कर गांव व स्कूल का नाम रोशन किया है। हाल में जिला स्तर की स्कूली खेल प्रतियोगिता चल रही है। सोमवार को महम के खेल स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में देव ने वेट लिफ्टिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। देव इस समय करोर गांव के सरकारी स्कूल की 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए कारोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य मनोज अहलावत व डीपी हेमलता ने बताया कि देव हमारे स्कूल का होनहार छात्र है, यह ब्लाक स्तर पर प्रथम रहा था। अब उन्होंने 88 किलो वजन भार में दूसरा स्थान हासिल किया है।

### 52 हजार रुपये की ठगी में दो आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने 52 हजार रुपये की ठगी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। आर्य नगर थाना प्रभारी बिजेंद्र ने बताया कि 28 जून को घन्नी पुरा निवासी विधि की शिकायत के आधार पन्केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 22 जून को विधि ने कुक टीवी की रिचार्ज कर रखा था। विधि ने रिचार्ज को डिएक्टिवेट करवाने के लिए गुगल पर नंबर सर्च कर फोन किया।


# जमीन कलेक्टर रेट पर हो सकता है पुनः विचार, वर्ष 2014 से अब तक हुई बढ़ोतरी की सरकार ने मांगी जानकारी

**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी डीसी को भेजा पत्र**

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

हाल ही में राज्य सरकार ने जमीनों/प्लॉटों के रेट में बढ़ोतरी की है। ये वृद्धि ज्यादा बतायी जा रही है। इसको लेकर विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया जा चुका है। ऐसे में सरकार रेट को लेकर पुनः र्विचार कर सकती है। इस बारे में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी उपायुक्त को पत्र भेजकर जानकारी मांगी है कि गत एक अगस्त को कलेक्टर रेट लागू करने के उपरांत स्लैब वाइज कितने प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। इतना ही नहीं साल 2014 से लेकर अब तक वर्ष दर वर्ष कितने रेट बढ़ाए गए हैं, इसका औसतन भी डीसी को बताना है।

### लोगों में रोष



मालूम रहे कि विधायक आदित्य देवीलाल और अर्जुन चौटाला ये जमीन के रेट को लेकर विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लेकर आए थे। हरियाणा विधानसभा सचिवालय ने ध्यानाकर्षण सूचना में बताया है कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में जमीनों/ प्लॉटों के कलेक्टर रेट में बेतहाशा वृद्धि की की है, जोकि व्यवहारिक दृष्टि से सही नहीं है। क्योंकि जब भी कलेक्टर रेटों में इजाफा किया जाता है तो जनता पर इसका अनावश्यक बोझ पड़ता है। सचिवालय ने ये भी स्पष्ट किया है कि रेट में बढ़ोतरी से प्रदेश की जनता में सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। ध्यान ये भी रहे कि इससे पहले भी गत दिसंबर में दरें बढ़ाई गई थीं। आठ महीने में दूसरी बार दरें बढ़ाने से आम आदमी के लिए प्लॉट खरीदना और फिर सिर छुपाने के लिए घर बनाना आसान नहीं रहा है। सरकार ने न केवल शहरी क्षेत्र में बल्कि ग्रामीण में में संपत्तियों के रेट बढ़ाए हैं।

### राजस्व नुकसान का दिया जाता है तर्क

सरकार ने दरें बढ़ाते हुए तर्क दिया था कि कम रेट की वजह से सरकारी राजस्व को नुकसान होता था। रजिस्ट्री सस्ते रेट पर होती थी। नए रेट लागू होने से न केवल सरकारी खजाने को फायदा मिलेगा। बल्कि प्रॉपर्टी बाजार में पारदर्शिता भी आएगी। हालांकि, आम जनता और मध्यम वर्ग के लिए यह कदम चिंता का विषय है। सरकार ने ये कहा था कि पहले कई क्षेत्रों में कलेक्टर रेट बहुत कम थे। इसलिए दरें बढ़ाना आवश्यक हो गया था। लेकिन अब मामला विधानसभा में उठने के बाद सरकार के भी हाथ-पांव जवाब दे रहे हैं।

### गत वर्ष की थी 12 से 32 फीसदी

पिछले साल कलेक्टर रेट 12 से 32% तक बढ़ाए गए थे। लेकिन दिल्ली के समीप होने के कारण एनसीआर में जमीन कहीं अधिक महंगी है। नतीजतन यहां कलेक्टर रेट अन्य जिलों से काफी अधिक रखे गए थे। इनमें रोहतक, पलवल, बहादुरगढ़, सोनीपत, करनाल और पानीपत में 20%, जबकि गुरुग्राम, सोहना, फरीदाबाद, पटौदी और बल्लभगढ़ के कलेक्टर दरों में 30% तक बढ़ोतरी की गई थी। इसके बाद अब फिर एक अगस्त से जमीनों के कलेक्टर रेट में बेतहाशा बढ़ोतरी करके सरकार ने लोगों की नाराजगी मोल ले ली। सरकार ने उपायुक्त को भेजे गए पत्र में न केवल एक बार की बढ़ोतरी की जानकारी मांगी है, बल्कि उससे कई साल पहले का विवरण भेजने को कहा गया है। जैसे ही सरकार रेटों में बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी करती है, तुरंत भू संपत्तियों के दरों में बढ़ोतरी हो जाती है। जिसका असर आम आदमी पर पड़ता है।

# महम के बिजली घर में चोरी सीसीटीवी में कैद हुई महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

गत दिवस महम के सब डिवीजन बिजली घर कार्यालय व स्टोर से सामान चोरी की वारदात हो गई। चोरी की यह वारदात दफ्तर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी कैमरे में दो महिलाएं चोरी करती हुई दिखाई दे रही हैं। बिजली विभाग के जे ई विकास ने बताया कि शनिवार को सुबह चोरी की वारदात हुई थी। विभाग का एक कर्मचारी कार्यालय के काम से आया तो उन्होंने देखा कि कार्यालय के कैश रूम की खिड़कियों के दो ताले टूटे हुए थे। हालांकि कैश रूम में कैश नहीं था। जे ई विकास ने बताया कि जेई के स्टोर रूम से काफी सामान गायब मिला। इसकी सूचना एसडीओ संजीत को दी। सोमवार



**महम।** बिजली घर में चोरी करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

तक सारे सामान को जब चेक किया गया तो काफी सामान गायब मिला। इसकी लिखित शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस का कहना है कि मौके का मुआयना किया जाएगा। तफ्तीश के बाद ही नुकसान का आंकलन हो पाएगा।

प्राइड मार्केट के पास वारदात से हड़कंप, पुलिस मौके पर पहुंची

# सेक्टर एक में दिन दहाड़े घर में घुसकर दो महिलाओं को बंधक बनाकर लूट

**नौकरानी और उसके तीन साथियों पर आरोप**

- करीब 20 लाख रुपये के जेवर व 5 लाख रुपये कैश लूट कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर एक प्राइड मार्केट के पास सोमवार को दिनदिहाड़े घर में घुसकर दो महिलाओं को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। आरोप है कि घर में काम करने वाली नौकरानी ने ही अपने तीन साथियों के साथ मिलकर करीब 20 लाख रुपये के जेवर व 5 लाख रुपये कैश लूटे और फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी और आस-पास के कमरे की फुटेज को कब्जे में ले लिया। इस दौरान पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

अर्बन स्टेट थाना पुलिस को संगीता गुप्ता ने दी शिकायत में बताया कि वह सेक्टर-1 की रहने वाली है। बताया कि करीब 1 महीने पहले रीमा नाम की 25 वर्षीय एक नेपाली लड़की को नौकरानी के तौर पर रखा था। रीमा बीच में एक सप्ताह के लिए अपने घर जाने की बात कहकर गई थी। इसके बाद 12 अगस्त को आ गई थी। रीमा और मेरी सास कुसुम लता गुप्ता नीचे कमरे में एक साथ रहती थी। 25 अगस्त को करीब 2.30 बजे रीमा ऊपर मेरे कमरे में आई और बोली कि माता ने छत का पानी निकालने के लिए भेजा है क्योंकि आज पूरे दिन से बरसात हो रही थी। इसके तुरंत बाद दो व्यक्ति अंदर आए, दोनों व्यक्ति देखने में नेपाल निवासी लग रहे थे। उनके के हाथ में पेंचकस और चाकू था।

टूटी अलमारी




खुला दीवान



खुली अलमारी



बिखरा सामान



### एक व्यक्ति ने पेंचकस गर्दन पर लगाया

महिला ने बताया कि इस दौरान एक व्यक्ति ने मेरी गर्दन पर रख दिया और धमकाया कि अगर आवाज की तो जान से मार दूंगा। इसके बाद दोनों व्यक्तियों ने मेरे कान की बाली, सोने की चैन लूट ली। इसके बाद कानों के झुमके उतार कर मुंह बांध दिए। जिसके बाद उन दोनों व्यक्तियों ने घर की अलमारी, बैड में से सारा कीमती सामन व नकदी निकाल कर बैगों में डाल कर नीचे चले गए।

### पति ने घर आकर मुंह खोला

पीड़िता संगीता गुप्ता ने बताया कि करीब 4 बजे मेरे पति संजय गुप्ता घर पर आए और मेरा मुंह और हाथ खोला। इसके बाद संजय गुप्ता नीचे गए और देखा कि नीचे स्टोर रुम, दोनों कमरों में सामान भिखरा हुआ था। साथ ही मेरी सास कुसुम लता ने बताया कि एक युवक ने मुझे कुर्सी से बांध दिया था। इसके बाद घर का सारा सामान बैग में डाल दिया। फिर मेरी सास को बाथरुम में बंद करके भाग गए।

### ये था सामान

40 ग्राम के सोने के कड़े, 20 ग्राम की सोने की चैन, 40 ग्राम का डाइमंड सैट, 40 ग्राम की सोने की अंगूठी, 35 ग्राम डाइमंड के कड़े, 20 ग्राम की सोने की चैन, 8 ग्राम की रिंग, 15 ग्राम सोने के कानों के, 500 ग्राम चांदी का सामान और करीब 5 लाख रुपये कैश लेकर फरार हो गए।

बेड पर फैला सामान



### की जा रही जांच

उन्हें सेक्टर एक में लूट की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पीड़ति परिवार की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी भी खंगाल रही है। जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

-नीरज कुमार, थाना प्रभारी, अर्बन एस्टेट




### पंप पर पेट्रोल डलवाने गए युवक की सड़क हादसे में मौत

- मृतक विक्रम के चाचा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी

**रोहतक।** कलानौर के पास एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने गए युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कलानौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत के अधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। मृतक की पहचान 22 वर्षीय विक्रम निवासी गांव तैमुरपुर जेठपुर के रूप में हुई। विक्रम बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विक्रम के सिर में गंभीर चोट लगी। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उसे पीजीआई के ट्रामा सेंटर में रेफर किया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान विक्रम की मौत हो गई। मृतक के चाचा दलबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब विक्रम पेट्रोल पंप पर जा रहा था तो बेरी की तरफ से एक गाड़ी की के चपेट में आने से मौत हो गई।

**बारिश में अपने गंतव्य को जाती छात्राएं**



# 590 पेटी अवैध शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम पुलिस ने अवैध शराब से भरी कैंटर पकड़ी है। इस कैंटर से पुलिस ने 590 पेटी शराब बरामद की हैं। कैंटर चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। महम के डीएसपी ऋषभ सोढ़ी ने बताया कि रविवार को देर रात पुलिस को कंट्रोल रूम से गोवंश भरे होने की सूचना मिली थी। जिसमें बताया गया था कि नेशनल हाइवे 152 डी की ओर से एक कैंटर महम की ओर आ रही है।। पुलिस कैंटर को पकड़ने के लिए भिवानी रोड स्थित बाई पास पर पहुंची। पुलिस ने देखा एक कैंटर खड़ा हुआ था। जिसके टायर भी फटे हुए थे। पुलिस ने देखा तो पीछे बॉडी पर ऊपर तक फटे लगे हुए थे। जिससे लग रहा था कि इसमें गोवंश भरे हुए हैं। पुलिस ने ट्रक की जांच की तो उसमें गोवंश नहीं बल्कि अंग्रेजी शराब की पेटियां भरी हुई थी। पुलिस शराब से भरे ट्रक को कब्जे में लेकर उसे थाने लेकर पहुंची। इसकी सूचना एक्साइज इंस्पेक्टर अमित को दी।



**महम।** पुलिस द्वारा पकड़ी गई थाना महम में खड़ी अवैध शराब से भरी कैंटर।

**सेक्टर 6 में पेड़ों की कटाई को लेकर विवाद**

# बुजुर्ग पेड़ पर चढ़कर दी आत्महत्या की धमकी

- सुप्रीम कोर्ट में केस विचाराधीन मौके पर पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-6 स्थित एक बाग में सोमवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की टीम पेड़ काटने पहुंची तो विवाद हो गया। कार्रवाई के विरोध में बुजुर्ग राजबीर राठी बरगद के पेड़ पर रस्सी लेकर चढ़ गए और बोले कि किसी भी पेड़ को काटने की कोशिश की गई तो वे पेड़ पर ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि एचएसवीपी जबरन पेड़ काट रहा है जबकि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बाग की जमीन को लेकर मामला कोर्ट में चल रहा है। राजबीर राठी ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी हुई है। हालांकि वह हाईकोर्ट में केस हार गए थे। एनजीटी कोर्ट में भी सुनवाई पूरी हो चुकी है और फैसला आना बाकी है। इसके बावजूद, अधिकारियों की ओर से बाग में लगे पेड़ों को काटने की तैयारी की जा रही है, जिसके विरोध में बुजुर्ग पेड़ पर चढ़कर धरने पर बैठ गए।



**रोहतक।** विरोध करते बुजुर्ग राजबीर बरगद के पेड़ पर रस्सी लेकर चढ़ा।

### 1500 पेड़ों को काटने का प्रयास

राजबीर राठी ने बताया कि एचएसवीपी की तरफ से एनजीटी कोर्ट में बाग के अंदर 1500 पेड़ बताए थे, जिनको लेकर शपथ पत्र दिया हुआ है कि फलदार पौधों को शिफ्ट किया जाएगा। आरोप है कि टीम की तरफ से करीब 200 पेड़ काट दिए गए। अन्य पेड़ों को भी काटने का प्रयास किया जा रहा है।

### डेढ़ एकड़ के काटे पेड़

भाजपा नेता एडवोकेट महाराज सिंह ने बताया कि बाग में करीब साढे 7 एकड़ में पेड़ लगे हुए हैं, जिसमें से डेढ़ एकड़ के पेड़ काट दिए है। ये पेड़ 30 साल से भी अधिक पुराने थे। उनका एनजीटी में मामला चला हुआ है, जिसका फैसला अभी नहीं आया है। प्रशासन के पास ऐसा कोई ऑर्डर नहीं है कि पेड़ काटे जाएं। एस्टेट ऑफिसर आशीष को किस बात की जल्दी है।

**खेल मंत्री ने स्वीकारा मरम्मत की जरूरत है, 15 दिन में टेंडर लगाने का काम होगा शुरू**

# राजीव गांधी खेल स्टेडियम की बदहाली का मामला फिर विधानसभा में गूंजा

**विधायक बत्रा ने कहा सरकार इस धरोहर को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून सत्र में विधायक भारत भूषण बत्रा ने एक बार फिर राजीव गांधी खेल स्टेडियम की बदहाली का मामला प्रमुखता से उठाते हुए स्टेडियम के फोटो तक मुख्यमंत्री और खेल मंत्री को सौंपे। उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल स्टेडियम बनाया था जो अब जर्जर हालत में हैं। उन्होंने स्टेडियम की मूलभूत सुविधाओं टॉयलेट, ट्रैक ,चेंजिंग रूम, पेयजल,



मैदान, लाइट आदि का प्रमुख रूप से उल्लेख करते हुए पूछा कि आखिर सरकार ने उसके लिए क्या कदम उठाए हैं। उन्होंने सरकार से 2019 से 2025 तक के रखरखाव का भी पूरा ब्यौरा मांगा। विधायक भारत भूषण बत्रा ने उम्मीद जताई कि खेल मंत्री गौरव गौतम युवा है, और वह जरूर इनिशिएटिव लेंगे लेकिन वास्तविक स्थिति अलग है। बत्रा ने कहा हुड्डा सरकार में 112 एकड़ में यह स्पोर्ट्स स्टेडियम सभी तरह की सुविधाओं के साथ बना, पूरे हरियाणा में 112 एकड़ में कोई स्टेडियम नहीं है। बत्रा ने कहा कि वर्तमान में स्टेडियम की हालत बहुत खस्ता है, स्टेडियम की बदहाली के कुछ फोटो उन्होंने खेल मंत्री को सौंपे जो स्टेडियम की वास्तविक स्थिति को बयां कर रहे हैं। बत्रा ने कहा कि मात्र 25 करोड रुपए की प्रपोजल से इसका उद्धार नहीं हो सकता। वर्तमान में इसकी मेंटेनेंस और इसके विस्तार की आवश्यकता है। बत्रा ने कहा कि सीएम ने इसी सदन में स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर हरियाणा में बनाने की बात कही थी, राजीव गांधी खेल स्टेडियम हमारे पास धरोहर है, उसे स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर घोषित कर दिया जाना चाहिए।

### खेल मंत्री गौरव गौतम ने दिया जवाब

खेल मंत्री ने विधायक के सवाल का जवाब देते हुए स्वीकार किया कि स्टेडियम के कई हिस्सों को वास्तव में रिपेयर की आवश्यकता है। 25 करोड़ का एक अनुमानित अमाउंट उन्होंने सिंथेटिक एथलीटीक ट्रैक (लागत 17 करोड़), सिंथेटिक हॉकी ट्रफ ( 8 करोड़ 36 लाख) , इसके साथ ही खेल परिसर में जो सुविधाएं है स्ट्रीट लाइट,वाटर कूलर, हाई मस्क लाइट, एयर कंडीशन आदि की मरमत के लिए आठ करोड़ 81 लाख रुपए का बुरा पीडब्ल्यूडी विभाग में विचाराधीन है।

रोहतक, मंगलवार
26 अगस्त 2025

हरिभूमि सहेली



आमतौर पर महिलाएं चाहे वर्किंग हों या होममेकर, खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। पति, बच्चे, सास-ससुर की देखभाल, उनकी डिमांड पूरी करने और घर-बाहर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्हें अपने लिए कुछ करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मी टाइम खुद को खुश रखने का जरिया होता है और दूसरों को खुश रखने के साथ खुद को खुश रखना भी जरूरी होता है।

# बिजी रूटीन में भी जरूर निकालें मी टाइम

लाइफस्टाइल

चेतना झा

आयुषी अपनी सहेली नीलम से फोन पर बात कर रही थी। उसे लगा कि नीलम कुछ सुस्त है। उसने पूछा, 'नीलम तू बीमार है क्या?' इस पर नीलम बोली, 'नहीं यार, सुबह से शाम तक इतना काम रहता है कि शाम तक लो फील होने लगता है।' आयुषी ने सलाह दी, 'तू कुछ देर सुबह या शाम 'मी टाइम' में एक्सरसाइज या मेडिटेशन किया कर या अपनी हॉबी पूरी किया कर, इससे फ्रेश-एनर्जेटिक फील करेगी।' इस पर नीलम ने मायूसी से कहा, 'सुबह सांस लेने की तो फुर्सत नहीं मिलती। राजू का ब्रेकफास्ट बनाना, अपना और इनका (पति) लंच रेडी करना। जल्दी-जल्दी काम निपटाना फिर ऑफिस के लिए भागना। शाम को फिर राजू को होमवर्क कराना, पेंडिंग काम करना, डिनर बनाना कैसे मिलेगा मी टाइम?' ये बातें आपको भी अपनी सी ही लग रही होंगी। जॉब, घर के काम, बच्चे की पढ़ाई, घर-बाहर की जिम्मेदारियां, सुबह आंख खुलने से रात बेड पर सोने तक इन्हीं सब में तो उलझी रह जाती हैं आप। डेड लाइन, टार्गेट, अचीवमेंट, घर की व्यवस्था, बच्चों की परीक्षाएं, उनका करियर, परिजनों की हेल्थ, इन सबके बीच कहीं आपका अपना कुछ छूट तो नहीं रहा। कभी एकांत के पलों में पूछिए खुद से कि पूरे दिन, सप्ताह या महीने में कितना पल होता है आपका 'मी टाइम?' कब आप बिताती हैं फुर्सत के पल केवल अपने लिए? कितनी बार आप कर पाती हैं अपनी पसंद का काम, जिससे मिलती है आपको खुशी, संतुष्टि?



**क्या है मी टाइम:** वास्तव में मी टाइम हमारा रिचार्जर है। हमारी बैट्री को रिचार्ज करता है। एक खुली हवादार खिड़की की तरह होता है मी टाइम, जो भीतर की थकान और डलनेस को बाहर निकाल हमें ताजगी से भर देता है। जिम्मेदारियों में उलझे हमारे वजूद पर से धूल झाड़ हमारी ही मुलाकात हमसे कराता है।

**फायदे हैं कई:** मनोवैज्ञानिक भी मी टाइम को मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के लिए काफी लाभदायक मानते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे हम खुद को लेकर किसी उधेड़बुन से मुक्त रहते हैं। यह हमारे दिमाग को तरोताजा करता है। मनोवैज्ञानिक सुप्रिया गोयल कहती हैं, 'इससे एकाग्रता बढ़ती है। हम अधिक तार्किक बनते हैं। घर-बाहर बेहतर तरीके से समायोजित हो पाते हैं। खुश रहते हैं और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर प्रवाह होता है।'



**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका स्थित मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च रिपोर्ट को माने तो विवाहित जीवन की असफलता में मी टाइम या प्राइवेसी में कमी की भूमिका सेक्स संबंध से भी बड़ी होती है। इसी शोध के मुताबिक 29 प्रतिशत कपल्स ने शिकायत दर्ज की कि उनके जीवन साथी की ओर से उन्हें पर्याप्त मी टाइम या प्राइवेसी नहीं दी जाती। यूनिवर्सिटी शोध में तो यह भी जाहिर हुआ कि मी टाइम निकालने में पुरुषों की हिस्सेदारी अधिक है।

**ऐसे निकलेगा वक्त:** मी टाइम निकालने के लिए प्रयास तो आपको ही करने होंगे। क्यों न नियत समय से आधे घंटे पहले सुबह उठ जाएं और काम से पहले मी टाइम जीकर, रिचार्ज हो जाएं! मोबाइल, टीवी जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना भी मी टाइम के लिए जरूरी है। मी टाइम के लिए किसी तरह की हिचक या अपराध भाव नहीं पालें। जरूरत पड़े तो घर में सबको बता भी दें कि आप अपने लिए जरूरी काम कर रही हैं, इसलिए इस दौरान कोई आपको डिस्टर्ब न करे।

इस तरह जब आप सीरियसली मी टाइम निकालेंगी तो आपको न केवल खुशी, संतुष्टि मिलेगी बल्कि आप अपने सभी काम बेहतर ढंग से अंजाम भी दे पाएंगी।

## मी टाइम में करें कुछ ऐसा

**कुछ महिलाएं** पूछती हैं, मी टाइम में हम करें तो क्या करें? इस सवाल का जवाब तो आपका दिल ही बेहतर बता सकता है। ईमानदारी से दिल की सुनें तो आपको जवाब मिलेगा कि इस दौरान आप क्या कर सकती हैं? मी टाइम पर अपनी किताब 'टाइम फॉर मी:365 डेली स्ट्रेटेजीस फॉर अ मदर्स सेल्फ केयर' की राइटर मिया रेडरिक ने कई सुझाव दिए हैं। रेडरिक के मुताबिक, 'जब आप अपने बच्चों के लिए हेल्दी नाश्ता तैयार करती हैं, तब खुद के लिए भी कुछ हेल्दी स्नैक्स तैयार करना या पैक करना आपका मी टाइम है। बेटी को क्लासिकल डांस सीखाने ले जा रही हैं तो क्लास खत्म होने के इंतजार की बजाय खुद भी अपने फेवरेट डांस के स्टेप सीख लें, तो यह आपका खुद का पल होगा। फेवरेट नॉवेल पढ़ना, पसंदीदा गाना सुनना, मैग्जीन पलटना, टीवी देखना, वर्कआउट करना या सहेलियों से बातचीत करना भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्लर जाना, डायरी लिखना या कहीं घूमने जाना... यह तो आपको ही तय करना होगा कि आप अपने मी टाइम में क्या करना चाहेंगी?'



# बच्चों को ऐसे सिखाएं गुड मैनर्स

बच्चों से हम बहुत उम्मीद करते हैं कि उनके भीतर गुड मैनर्स हों, लेकिन इसके लिए हम बच्चों के सामने कैसे आदर्श रखते हैं, उनको किस तरह से ट्रीट करते हैं? साथ ही हमारा व्यवहार उनके प्रति कैसा होता है, ये बातें बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए बहुत मायने रखती हैं।

बच्चे और आप

अंजू जैन



हर पैरेंट की चाहत होती है, उसका बच्चा एक शिष्ट, जिम्मेदार, समझदार और कामयाब इंसान बने। इसके लिए बच्चों को अच्छी आदतें सिखाना जितना आसान है, उतना ही कठिन भी है। अगर आप सही तरीका अपनाएं तो बच्चों को आसानी से अच्छे मैनर्स सिखा सकती हैं, उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा-

**बच्चों से गर्म जोशी से मिलें:** जब भी आपका बच्चा स्कूल से लौटे या स्कूल जा रहा हो या फिर आप बाहर से घर आई हों तो उससे गर्मजोशी के साथ मिलें। अपने चेहरे पर मुस्कान लिए उसे हग करें, उसका मूड जानें, उसके मन की सुनें। दिन की शुरुआत और अंत उसे पुचकार कर करें। इससे बच्चे से आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी, उसे लगेगा कि वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके मन में आपके लिए प्यार उमड़ेगा।



**लोगों के प्रति सहानुभूति रखें:** माता-पिता बच्चों को जो बातें कह कर नहीं समझा सकते या सिखा सकते, वे बातें उनके रोल मॉडल बनकर सिखा सकते हैं। बच्चों में सहानुभूति, दया, विनम्रता का भाव जगाना हो तो उन्हें पहले नरमदिल और मददगार स्वभाव का बनाना होगा। इसके लिए आप उनके सामने अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, घर में आने वाले सेल्समैन या फिर रिक्शा चालकों और कैब ड्राइवर के साथ नरमी से पेश आएं। जरूरतमंद की मदद करें, यह देखकर बच्चे में दूसरे की मदद करने की प्रेरणा जागेगी। अभद्र भाषा में चीख कर या रौब झाड़ने वाले अंदाज में बातें बच्चों के सामने तो बिल्कुल ना करें। यह देखकर बच्चे भी इसी तरह पेश आते हैं, जो असभ्य तरीका है।

**घर के बुजुर्गों के साथ जोड़ें:** अगर घर में आपके साथ सास-ससुर यानी बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी भी रहते हैं या वे आए हुए हैं, तो बच्चों को उनके साथ खेलने, रहने, टाइम बिताने और बातें करने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ ग्रैंडपैरेंट्स को बल्कि बच्चों को भी अच्छा लगेगा। इतना ही नहीं, बच्चों में परिजनों से जुड़ने की भावना भी आएगी, वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से काफी कुछ सीखेंगे।

**कहानी-कविता पढ़ कर सुनाएं:** बच्चों को कहानी और कविताओं से काफी एंटरटेन किया जा सकता है। आप रोज बीस-पच्चीस मिनट के लिए उनके साथ बैठें, उन्हें कोई कहानी या कविता पढ़कर सुनाएं। फिर उसके बारे में कुछ सवाल पूछें। इससे बच्चों की पढ़ने में रुचि जागेगी, जनरल नॉलेज बढ़ेगी और साथ ही आप दोनों एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम भी स्पेंड कर सकेंगे।

**रुटीन फॉलो करना सिखाएं:** अनुशासन और समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की जिंदगी में सफलता और सुकून के लिए बहुत जरूरी हैं। शुरू से ही बच्चों को रूटीन फॉलो करना सिखाएं। आप उनके लिए एक दिन पहले ही अगले दिन का रुटीन सेट कर दें। उन्हें बताएं कि किस वक्त उन्हें क्या करना है। साथ ही आप भी अपने रूटीन फॉलो करें और उन्हें बताएं कि आप कैसे नियत समय पर हर काम कर रही हैं।

हेयर केयर

ललिता गोयल

आजकल काफी महिलाएं बालों में कलर करवाना पसंद करती हैं। लेकिन कलर्ड बालों की केयर कैसे करनी चाहिए, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इससे बालों में रफनेस बढ़ती है। कलरिंग के बाद कैसे करें हेयर केयर, जानिए।

# कलरिंग के बाद हेयर केयर बाल दिखेंगे हेल्दी-शाइनी

हेयर कलरिंग का ट्रेंड सालों से चल रहा है। अब तो हर उम्र की महिलाएं, लड़कियां बालों को अलग लुक देने के लिए हेयर कलरिंग करा रही हैं। लेकिन बालों को कलर कराने के बाद कुछ जरूरी बातों का ख्याल भी रखना जरूरी है, नहीं तो बाल डैमेज हो सकते हैं। जानते हैं हेयर केयर के बारे में, जिससे बाल खराब नहीं होंगे और आपके बालों की नेचुरल शाइन भी बनी रहेगी।

**सही कलर चुनें:** ध्यान रखें, कलरिंग के लिए हेयर कलर अच्छी क्वालिटी का हो। कलर मॉयश्चराइजर बेस्ड हो, जिससे बालों को डैमेज होने से बचाया जा सके।



**कलरिंग का तरीका:** केमिकल बेस्ड हेयर कलर बालों को अलग-अलग तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये जड़ों को भी डैमेज कर सकते हैं, जिससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। इससे बचने के लिए ध्यान रखें कि आप जड़ों के बजाय हेयर स्ट्रेंड्स को कलर करें।

**ऑयलिंग का तरीका बदलें:** कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि कलर करने के बाद बालों पर तेल नहीं लगाना चाहिए। जबकि यह सोचना गलत है, तेल आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ कंडीशनिंग भी करता है, इसलिए ऑयलिंग जरूर करें। लेकिन इसका तरीका बदल दें। इसके लिए कलरिंग के बाद तेल रात-भर लगाए रखने के बजाय दो या तीन घंटे के लिए लगाकर रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

**सूरज की किरणों से बचाएं:** सूरज की हानिकारक किरणें बालों को डैमेज करने का कारण बन सकती हैं। अगर आपने हेयर कलर कराया है, तो धूप में जाने से पहले बालों में सनस्क्रीन स्प्रे करना न भूलें।



**हीटिंग टूल्स इस्तेमाल न करें:** बालों को कलर करने के तुरंत बाद हीटिंग टूल्स जैसे ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे बाल ड्राई होते हैं, बालों से मॉयश्चर कम होता है और बालों का रंग बिल्कुल गायब हो जाता है। अगर ब्लो ड्राई करना जरूरी हो तो कम से कम 5 सेमी. की दूरी से ब्लो ड्राई करें। साथ ही हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते समय बालों पर हीट प्रोटेक्टर सीरम जरूर अप्लाई करें।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** हेयर कलरिंग के बाद कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- बालों को धोने के लिए कलर प्रोटेक्टेंट सल्फर फ्री शैंपू अप्लाई करिए। कलर प्रोटेक्टेंट शैंपू से बालों में कलर लॉक हो जाता है।
- शैंपू के बाद आप बालों की हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें। इससे बालों में मॉयश्चर लॉक हो जाता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है। इससे बालों में कलर मेंटेन रहता है।
- हेयर कलर के बाद कम से कम तीन दिन तक बालों को नहीं धोएं, वरना आपका हेयर कलर फीका पड़ सकता है।
- हेयर कलर को सबसे अधिक नुकसान गर्म पानी पहुंचाता है। इसलिए हमेशा बालों को नॉर्मल पानी और सर्दियों में गुनगुने पानी से धोएं।

**(हेयर एक्सपर्ट सुमन सचदेव से बातचीत पर आधारित)**

रेसिपी

श्रुति आयंगर

# गणपति को अर्पित करें तरह-तरह के मोदक

## अमृत मोदक



### सामग्री

चावल का आटा-1 कप, उबली चना दाल-1/2 कप, कसा हुआ गुड़-1/4 कप, इलायची पावडर-1/2 छोटा चम्मच, केसर रेशे-1/2 छोटा चम्मच, पिसी हल्दी-चुटकी भर, कटे हुए मेवे-2 छोटे चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-4 कप

### विधि

सबसे पहले चना दाल को मैश कर लें। इसमें गुड़ मिलाकर पैन में कुछ देर पकाएं। फिर केसर, इलायची पावडर और मेवे मिलाकर 2-3 मिनट पकाकर ठंडा होने दें। एक पैन में पानी और घी डाल कर उबालें। इसमें चावल का आटा मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। थोड़ा ठंडा होने पर अच्छी तरह गूंथें। थोड़ा मिश्रण हथेली पर फैलाकर चना दाल की भरावन भरें और मोदक का आकार दें। सांचे की मदद से भी मोदक बना सकती हैं। इन मोदकों को 10-12 मिनट भाप में पकाने के बाद भोग लगाएं।

## नारियल-गुलाब मोदक



### सामग्री

कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, मिल्क पावडर-240 ग्राम, घी-1/2 बड़ा चम्मच, रोज सिरप-1 बड़ा चम्मच, रेड फूड कलर-2-4 बूंद

**भरावन के लिए:** गुलकंद-1 बड़ा चम्मच, कसा सूखा नारियल-1 बड़ा चम्मच

### विधि

सबसे पहले नॉन-स्टिक पैन में मिल्क पावडर, कंडेंस्ड मिल्क, घी और रोज सिरप डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे धीमी से मध्यम आंच पर चलाते हुए पकाएं। मिश्रण गाढ़ा होने तक चलाती रहें। इसके बाद फूड कलर डालकर मिला लें। इसे बाउल में निकाल लें। एक अलग बाउल में भरावन की सारी सामग्री मिलाकर स्टफिंग बना लें। मिल्क पावडर वाले मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर हथेली पर फैला लें, इसमें स्टफिंग भर कर मोदक का शेप दें। पांच मिनट के लिए फ्रिज में रखें।

कल गणेश चतुर्थी है। कल से ही आरंभ होगा गणेशोत्सव। वैसे तो आपके घर के आस-पास सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से गणेश पूजन का आयोजन किया ही जाएगा। लेकिन अगर आप अपने घर में गणपति को प्रतिष्ठित कर पूजन करना चाहती हैं तो यहां हम आपको इसकी विधि बता रहे हैं।

# रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्री गणेशाय नमः

पूजन-विधि

आचार्य डॉ. गोविंद बल्लभ जोशी



सनातन धर्म में हर तरह की पूजा-उपासना का प्रारंभ गणपति पूजन से होता है। इसीलिए गणेश जी को प्रथम पूज्य कहा गया है। गणपति, देवताओं के अध्यक्ष हैं। इसीलिए इन्हें 'गणाध्यक्ष' भी कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुक्ल चतुर्दशी पर्यंत, द्वादश दिवसीय पूजा-अर्चना को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**ऐसे आरंभ हुआ देशव्यापी आयोजन:** गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए जाने वाला पूजन, वार्षिक गणेश उत्सव कैसे बना, इसके पीछे भी ऐतिहासिक घटना और ध्येय निहित रहा है। दरअसल, ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों की दासता से भारत माता को स्वतंत्र करने का संकल्प लेते हुए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गणाधिपति के पूजन को राष्ट्रोत्सव के रूप में प्रारंभ कर भारतीय जन समुदाय में राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया था। आज यह उत्सव भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है।

**ऐसे करें गणपति स्थापना-पूजन:** सार्वजनिक पार्कों और मंडपों में विधिवत गणेश पूजन, विविध उत्सव समितियों द्वारा तो आयोजित किया ही जाता है। लेकिन अनेक श्रद्धालु अपने घर में भी गणपति को स्थापित कर यह उत्सव मनाते हैं। ऐसे में किस विधि से उनका पूजन करें, आप जरूर जानना चाहेंगी। वस्तुतः गणेश जी की पूजन विधि सर्वत्र एक समान ही होती है। इसके लिए सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक अपने पूजा स्थान पर गणपति की चौकी तैयार कर उसे लाल वस्त्र से आच्छादित कर लें। अब उस पर कलश स्थापित कर श्रीगणेश विग्रह (प्रतिमा) को प्रतिष्ठित करें। हाथ में रोली, चंदन, अक्षत, लाल पुष्प और दूर्वा लेकर उनका आह्वान एवं ध्यान करें। 'रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्रीगणेशाय नमः' का जाप करते हुए गणेशजी को अर्पित करें। इसके बाद आचमनी पात्र (चम्मच) में जल लेकर पाद्यं, अर्ध्य, आचमनीयं, स्नानीयम का उच्चारण करते हुए गणेश जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। तत्पश्चात गणपति विग्रह को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर एक आचमनी जल चढ़ाएं। उसके बाद उनको वस्त्र पहनाएं। एक यज्ञोपवीत (जनेऊ) अर्पित करें। फिर गणपतिजी को तिलक करें, अक्षत चढ़ाएं और दूर्वा के बारह तिनके चढ़ाएं। इसके पश्चात धूप, दीप प्रज्ज्वलित करें। इसके बाद गणपति को नैवेद्य (प्रसाद) भोग लगाएं। गणेश जी का सबसे प्रिय भोग मोदक है, अतः दस मोदक (लड्डू) उन्हें अर्पित करें। इसके बाद पान, सुपारी, लौंग, इलायची, फल, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके पश्चात हाथ में पुष्प, अक्षत, रोली, दूर्वा लेकर उनके द्वादश नामों का उच्चारण करें।

इस प्रकार स्तुति करते हुए गंधाक्षत, पुष्प और दूर्वा गणपति को अर्पित कर दें। फिर 'ऊँ गं गणपतये नमः' मंत्र का द्वादश (12) बार जप करें। फिर आरती, पुष्पांजलि के बाद भजन, कीर्तन से उत्सव मनाते रहें। इस प्रकार की गई गणपति की पूजा अत्यंत फलदायी होती है।

## गणपति के द्वादश नाम-मंत्र

- ऊँ सुमुखाय नमः, ऊँ एकदंताय नमः
- ऊँ कपिलाय नमः, ऊँ गजकर्णकाय नमः
- ऊँ लंबोदराय नमः, ऊँ विकटाय नमः
- ऊँ विघ्ननाशकाय नमः, ऊँ विनायकाय नमः
- ऊँ धूम्रकेतवे नमः, ऊँ गणाध्यक्षाय नमः
- ऊँ भालचंद्राय नमः, ऊँ गजाननाय नमः



## खबर संक्षेप



रोहतक। खिलाड़ियों का स्वागत करते संस्थान के प्राचार्य डॉ एडी पासवान ।

### दिव्यांग खिलाड़ियों का हैंडबॉल टीम में चयन

**रोहतक।** स्पेशल ओलम्पिक द्वारा हरियाणा यूनीफाईड हैंडबॉल चयन के लिए रोयल ओक इन्टर नेशनल स्कूल गुरुग्राम में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्थान के दिव्यांग खिलाड़ियों लोकेश, कुनाल, संजीव तथा यूनिफाइड पार्टनर के रूप में अरूण व रोहित ने भाग लिया। प्रतियोगिता सम्पन्न होने के उपरान्त संस्थान के दिव्यांग खिलाड़ी संजीव, कुनाल व लोकेश तथा यूनिफाइड पार्टनर के रूप में अरूण व रोहित का चयन किया गया। 2 सितम्बर 2025 को श्री गंगानगर, राजस्थान में राष्ट्रीय यूनीफाईड हैन्डबॉल का आयोजन किया जाएगा।

### गुरुद्वारा सोमा शाह में कीर्तन समागम हुआ

**रोहतक।** धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय डीएलएफ कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा बाबा सोमा शाह में एक विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। हेड ग्रंथी गुरजीत सिंह ने बताया कि देर रात तक चले समागम में दूर-दूर से पहुंची संगत ने दरबार साहिब में माथा टेक कर सुख शांति की अरदास की। सर्वप्रथम, पाठ रहरास साहिब उपरांत गुरूद्वारे के शब्द चौकी जत्थे ने कीर्तन किया। कीर्तन समागम उपरांत श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। इस दौरान सरदार चरण शाह सिंह, सरदार लाभ सिंह, हजूरी रागी बीबा मनजोत कौर, कुलदीप सिंह सोनी, सरदार हरिंद्र सिंह, वीरेंद्र गोसाई, हरजीत कौर आदि रहे।

### एमडीयू में अप-स्किलिंग प्रोग्राम का शुभारंभ

रोहतक। शिक्षकों को नई तकनीकों, डिजिटल संसाधनों और नवाचार पूर्ण शिक्षण विधियों से परिचित करवाने के उद्देश्य से आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के तत्वावधान में सात दिवसीय अप-स्किलिंग प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। लीवरेजिंग टेक्नोलोजी फॉर इफेक्टिव टीचिंग-लर्निंग इन द मॉर्डन इरा इन लाइट ऑफ एनईपी-2020 विषयक इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने किया।
कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा जगत में तेजी से बदलती परिस्थितियों के बीच तकनीक ही आगे बढ़ने का रास्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 शिक्षा में तकनीकी पहलुओं के समावेश पर विशेष जोर देती है, जिससे छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त हो सके। उन्होंने एमडीयू के यूजीसी-एमएमटीटीसी को इस सार्थक पहल के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।



### आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टिट्यूट के छात्र सर्वेश कादियान ने फेंसिंग खेल में शानदार उपलब्धि हासिल

**रोहतक।** आकाशदीप दुहान साइंस इंस्टीट्यूट को यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि कक्षा 8 के छात्र सर्वेश कादियान ने फेंसिंग खेल में शानदार उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते हैं। यह प्रतियोगिता विश्वकर्मा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिनांक 17 अगस्त 2025 से आयोजित हुई थी। सर्वेश की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सर्वेश की प्रतिभा और मेहनत को देखते हुए पुणे हेल्थ एजुकेशन सोसाइटी ने उन्हें एसआई पद के लिए चर्यानत किया है। विशेष बात यह है कि कक्षा 12वीं के बाद वे इस पद पर जुड़ सकते हैं और संस्था की ओर से उन्हें निःशुल्क छात्रावास सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। आकाशदीप दुहान साइंस इंस्टीट्यूट परिवार सर्वेश को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता है।

# एसडीएम ने संभाली स्वच्छता की कमान, शहर का किया निरीक्षण

- शहर में स्वच्छता पर प्रशासन का विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ›› सांपला

इलाके को स्वच्छता की राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए एसडीएम ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार दोपहर बाद बिना किसी पूर्व सूचना के बारिश में ही निकलकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों की स्वच्छता का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड 9 बाजार चौक, झज्जर मार्ग, डाक घर, झज्जर बाईपास के अलावा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जहां-जहां कचरे के ढेर नजर आए, वहां



रोहतक। बरसात के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते एसडीएम।

एसडीएम उत्सव आनंद ने खुद फोटो ली और नगर पालिका के अधिकारियों को भेजकर तत्काल सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब शहर की स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी ने कस्बे में नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार व ग्रामीण क्षेत्र के लिए बीडीपीओ की ड्यूटी लगाई है। निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता की स्थिति का आकलन करें।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

सरकार द्वारा 11 सप्ताह तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कस्बे की सफाई के लिए नगर पालिका के साथ नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार निगरानी रखेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में बीडीपीओ की ड्यूटी लगाई गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य इलाके को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना है। अभियान में जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग लेना होगा, ताकि हम बीमारियों से भी बच सकें। जहां पर गंदगी फैली हुई है, इसकी सूचना अधिकारियों को दें ताकि उसका समाधान हो सके।

#### नियम तोड़ने वालों की बनेगी लिस्ट

इस दौरान ऐसे स्थानों की सूची तैयार की जाएगी, जहां लोग कचरा डालकर अस्थायी डंपिंग स्थल बना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र स्वच्छता बनाए रखने के लिए केवल कागजों पर नहीं, बल्कि फील्ड स्तर पर सक्रियता से कार्य किया जाए। सफाई कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाने की योजना बनाई जाएगी। एसडीएम ने अधिकारियों को सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने को भी कहा, ताकि स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी को बढ़ावा मिल सके और शहर के लोग इस मुहिम से जुड़ें। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर पूरे इलाके को देश की स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष पर लाने का संकल्प पूरा करेंगे।

## एसआरएस पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ›› रोहतक

आईएमटी स्थित एसआरएस पब्लिक स्कूल में आयोजित लड़कों की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में नवयुग शिक्षा निकेतन स्कूल, लाढ़ौत का दबदबा रहा, अंडर-17 वर्ग में प्रथम स्थान पर जतिन कुमार (नवयुग शिक्षा निकेतन स्कूल) रहे,

द्वितीय स्थान भी नवयुग शिक्षा निकेतन स्कूल ने हासिल किया, सुजल तृतीय स्थान पर, यश नांदल (मानव रचना ग्लोबल स्कूल) रहे, पांचवें स्थान वंश (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गांधी कैम्प) ने प्राप्त किया, इसके अलावा आयु वर्ग 14 वर्ष में जगजीत बुधवार प्रथम, अरमान द्वितीय, गौरव हुड्डा तृतीय , कमरजीत चतुर्थ और हरमन पांचवें स्थान पर रहा, आयु वर्ग अंडर 19 वर्ष की लड़कों की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता कल ( मंगलवार) होगी।

जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के नोडल अधिकारी विजेंद्र हुड्डा और जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय कुमार की देखरेख में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित निरंतर आयोजित की जा रही हैं, उन्होंने बताया कि आज लड़कों की कई खेल प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं, कुछ प्रतियोगिताएं लगातार बारिश के कारण स्थगित करनी पड़ी हैं, जिन्हें आगामी आदेशों के बाद पुनः करवाया जाएगा। जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ये न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं।




रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते विद्यालय के प्रबंधन,नोडल अधिकारी विजेंद्र हुड्डा व जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय कुमार।



रोहतक। आयोजित जिमनास्टिक प्रतियोगता के दौरान खिलाड़ियों के साथ निर्णायक मंडल में उषा सैनी डीपीई व अन्य कोच।

#### जिला स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता

अंडर-14 आयु वर्ग (ओपन वर्ग) में अंबर बुधवार ने प्रथम स्थान, जीवांश वधवा ने द्वितीय स्थान, दक्ष ने तृतीय स्थान, प्रणव गुप्ता ने चतुर्थ स्थान तथा आर्यन ने पंचम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 आयु वर्ग (लड़कों) में ईशान ने प्रथम, जॉनी ने द्वितीय, जॉन सिंह ने तृतीय, लक्ष्य ने चतुर्थ और पुनीत कुमार ने पंचम स्थान हासिल किया। जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के तहत अंडर-19 आयु वर्ग (लड़कों) की प्रतियोगिता एम.एस. सरस्वती स्कूल में आगामी 27 अगस्त को आयोजित की जाएगी। जिला रोहतक स्कूल जिमनास्टिक प्रतियोगता स्थानीय छोटूराम इंडोर स्टेडियम में एस जी एफ आई रोहतक जिला स्कूल जिमनास्टिक प्रतियोगता का आयोजन जिला शिक्षा कार्यालय किया गया जिसमें 14 वर्ष आयुवर्ग लड़कों ने रोहतक ब्लॉक ने प्रथम सांपला ब्लॉक के मॉडल स्कूल सांपला ने द्वितीय और लाखन माजरा ब्लॉक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

#### जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता

जिला स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन सर छोटू राम स्टेडियम, रोहतक में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

#### ये रहा परिणाम

35 किलोग्राम भार वर्ग – नील ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इशांत द्वितीय स्थान पर रहे।
38 किलोग्राम भार वर्ग – प्रिंस ने प्रथम स्थान तथा इशांत ने द्वितीय स्थान हासिल किया।
41 किलोग्राम भार वर्ग – अंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पूर्व ने दूसरा स्थान पाया।
44 किलोग्राम भार वर्ग – सोहन नांदल प्रथम और उत्तम द्वितीय स्थान पर रहे।
48 किलोग्राम भार वर्ग – शुभम ने प्रथम तथा रूपेश को द्वितीय स्थान

## न्यूज डायरी



### बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर में कार्यशाला संपन्न

**रोहतक।** बीपी जैन स्किल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा आयोजित निःशुल्क दो दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन कुल 88 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें बच्चे और बड़े दोनों शामिल थे। सभी ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मिट्टी से इको-फ्रेंडली गणेश की प्रतिमाएं बनाईं। इस अवसर पर पनाश क्लब की महिलाओं ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी की और स्वयं द्वारा निर्मित गणेश प्रतिमाएं अपने साथ लेकर गईं। यह कार्यशाला न केवल एक रचनात्मक अनुभव रही, बल्कि प्रकृति संरक्षण एवं परंपराओं को संजोने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास साबित हुई।




### शिक्षा भारती स्कूल में खेलकूद समारोह का समापन

**रोहतक।** शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में सोमवार को विद्या भारती हरियाणा के तत्वाधान में 23 अगस्त को प्रारंभ हुए 36वां क्षेत्रीय खेलकूद समारोह का समापन 25 अगस्त को सुबह 10 बजे सम्पन्न हुआ, जिसमें विभिन्न प्रान्तों से आए भैया व बहनों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता दलाल (उप निदेशक, स्पोर्ट्स) ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि राजबाला मलिक (उप जिला शिक्षा अधिकारी) ने विद्यार्थियों को खेलकूद में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यालय प्रबंधन की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। मुख्य वक्ता सुरेन्द्र अत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति में खेलों का विशेष

# रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को बैठक

हरिभूमि न्यूज ›› रोहतक

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक रोडवेज यूनियन के कार्यालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने की तथा मंच संचालन सचिव ओमप्रकाश कादियान ने किया। जिला के पदाधिकारियों के इलावा ब्लाक प्रधान, सचिव ने भाग लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांगवान ने कहा कि 22 मई 2025 को मुख्य सचिव हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें मुख्य मांगों को स्वीकार करते हुए निश्चित सीमा अवधि में लागू किए जाने की सहमति हुई थी लेकिन मांगों को लागू करना तो दूर आज तक मीटिंग की कारवाई रिपोर्ट भी जारी नहीं की गई है। बैठक को सम्बोधित करने वालों में राज्य उपप्रधान सूरजकौर अहलावत, रामकुमार महम ब्लाक प्रधान, बलवीर जांगडा लखनमाजरा ब्लाक प्रधान, कृष्ण श्योराण सांपला ब्लाक प्रधान आदि रहे।




मीटिंग को सम्बोधित करते वक्ता।

# पंच परिवर्तन का संदेश सशक्त राष्ट्र बनाने का मार्ग : रंगा

हरिभूमि न्यूज ›› रोहतक

भारतीय जनता पार्टी ने गांव पटवापुर में सुंडाना मंडल की बैठक आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता भूप सिंह गरनावठी, मंडल अध्यक्ष सुडाना मंडल ने की। भूप सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर आधारित है। सभी कार्यकर्ता सेवा भाव से कार्य करें और सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लें। जिला प्रभारी सभी प्रकोष्ठ रोहतक डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और संगठन की पहुंच को जन-जन तक ले जाने का सशक्त अभियान है। निस्वार्थ सेवा से ही विश्वास जन्म लेता है और संगठन मजबूत होता है।

डॉ. रंगा ने कहा कि स्वयं का बोध, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और कुटुंब प्रबोधन – इन पंच आयामों से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अनूप सिंह सरपंच, महामंत्री धर्मेंद्र सिंगरोहा, ढिल्ला पहलवान जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, पटवापुर सरपंच प्रतिनिधि सुनील ढुल, मंडल उपाध्यक्ष भगवत दयाल शर्मा मसूदपुर, शिवचरण रिटोली, संदीप सिंह गरनावठी, विरेन्द्र सिंह गरनावठी आदि रहे।




# विज्ञान सेमिनार में छाए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ›› रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड में जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने की। इस जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार में रोहतक जिले के सभी ब्लॉक से प्रथम तथा द्वितीय आने वाली टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सभी विद्यार्थियों द्वारा लिखित परीक्षा दी गई तथा द्वितीय चरण में सभी विद्यार्थियों द्वारा क्वांटम युग का आगाजः संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर प्रस्तुतियां दी गई। सभी विद्यार्थियों के द्वारा एक से एक बेहतर प्रस्तुति दी गई। जिसमें क्वांटम युग के गुण व दोष के बारे में बताया गया। प्रतियोगिता के तृतीय चरण में सभी विद्यार्थियों से जजों द्वारा प्रश्न पूछे गए व विद्यार्थियों ने सभी प्रश्नों के बखूबी उत्तर दिए। ज्ञानवर्धक तथा अत्यंत रुचि पूर्ण इस सेमिनार में महाराजा अग्रसेन पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला की छात्रा पावनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। गोल्डन क्रेस्ट पब्लिक स्कूल मांझा, कलानौर की छात्रा दिशा ने द्वितीय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी।







### कनक ने एशियन गेम्स में जीते दो गोल्ड मेडल

**रोहतक।** सुनारिया गांव की बेटी कनक बुधवार ने एशियन गेम्स की शूटिंग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतकर देश और गांव का नाम रोशन किया। गांव लौटने पर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर गांव की गलियां सजाई गईं और ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में संगीता सुनारिया ने कहा लड़की किसी एक घर की नहीं होती, वह पूरे गांव की शान और गर्व होती है। कनक की यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि बेटियां समाज की ताकत हैं और उनकी सफलता पूरे समाज और देश के लिए गौरव का विषय है।

# सेठ किशन दास की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ›› रोहतक

पदमश्री सेठ श्री किशन दास गोयल के 99वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर उनकी पुण्य स्मृति में कई जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह की शुरुआत सोनीपत स्टैंड स्थित सेठ किशन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि सभा से हुई, जहां सैकड़ों लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक योगदान को याद किया।

इसके पश्चात अंबेडकर चौक पर आयोजित रक्तदान शिविर में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें कुल 41 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह रक्त जरूरतमंद मरीजों के लिए अमूल्य योगदान साबित होगा। खटीक धर्मशाला, हिसार रोड पर आयोजित नेत्र जांच शिविर में 215 लोगों की आंखों की जांच की गई और 178 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे एवं दवाइयों का वितरण किया गया। सेवा कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में पीजीआईएमएस परिसर में लंगर भी लगाया गया।



रोहतक। सेठ किशन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि देते पूर्व मेयर मनमोहन गोयल व अन्य शहरवासी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

hartron ISO 9001 : 2015
Enhance your talent
HARTRON
SKILL CENTRE For
Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

# अधिकारी समाधान शिविरों की शिकायतों का मौके पर करवाएं निपटारा: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निपटारा करने के प्रयास करें। नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी आईडी व प्रॉपर्टी टैक्स तथा क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों का समाधान शिविर के दौरान ही निपटारा करवाया जाए। इसके लिए नगर निगम व क्रिड द्वारा एक-एक ऑपरेटर समाधान शिविर में ही तैनात किया जाए।

सचिन गुप्ता लघु सचिवालय स्थित सभागार में एडीसी नरेंद्र कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। सचिन गुप्ता ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक नागरिक की शिकायत का समाधान शिविर के दौरान ही निपटारा करने के प्रयास किए जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की प्रॉपर्टी आईडी / प्रॉपर्टी टैक्स में संशोधन तथा परिवार पहचान पत्र में संशोधन इत्यादि के कार्यों को समाधान शिविर के दौरान ही मौके पर निपटाए।







रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

**जल निकासी के लिए दिए आदेश:**

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समाधान शिविर के दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता शिवराज सिंह व कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार को शहर में जलभराव के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें तुरंत जल निकासी करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश बिढ्ढू मौजूद रहे।

### जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर, स्थाई समाधान करें

उपायुक्त ने कहा कि शहर में स्थायी रूप से जलभराव के क्षेत्रों की पहचान कर इनका स्थायी समाधान किया जाए ताकि लोगों को बारिश के मौसम के दौरान असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को शिविर की सफाई से संबंधित शिकायत का यथाशीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग, राजस्व, पुलिस, नगर निगम,पीपीपी, स्वास्थ्य विभाग आदि से संबंधित विभागों की शिकायतों की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों को मौके पर आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### रोहतक ने फरीदाबाद को 57-39 के अंतर से हराया

**रोहतक।** बास्केटबॉल टीम प्रबंधक नरेश कुमार ने बताया कि 50 वीं सब जूनियर हरियाणा स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 अगस्त गुरुग्राम में किया गया। जिसमें 18 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। सचिव सुधीर हुडा और प्रधान वीरेन्द्र सिंह कि अगुवाई में रोहतक की टीम प्रतियोगिता में शामिल हुई। जिसमें 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। रोहतक कुरुक्षेत्र फरीदाबाद और हिसार पहला सेमीफाइनल मैच रोहतक और कुरुक्षेत्र के बीच खेला गया। जिसमें रोहतक टीम विजयी रही और फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में फरीदाबाद की टीम विजयी रही। फाइनल मैच रोहतक और फरीदाबाद के बीच खेला गया जिसमे रोहतक की टीम ने पूरी प्रतियोगिता की तरह 57 - 39 के स्कोर से एक तरफा जीत हासिल की और ट्रॉफी पर अपना कब्जा हासिल किया। तीसरा स्थान हिसार की टीम ने हासिल किया । लड़कियों में झज्जर पहला गुरुग्राम दूसरा तथा फरीदाबाद ने तीसरा स्थान हासिल किया।



### गुलशन शर्मा की उपलब्धि को सराहा

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराने वाले रोहतक के एथलीट गुलशन शर्मा की विश्वस्तरीय उपलब्धि की नवनियुक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने सराहना की। उपायुक्त ने एथलीट गुलशन शर्मा के 65 प्लस आयु वर्ग में ताईपे ताईवान में वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स 2025 में दो सिल्वर मेडल जीतने पर खुशी जताई। वहीं पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने गुलशन की प्रशंसा की और सलाह दी कि खेलों से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने का कार्य करें।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दी मंजूरी, उपायुक्त खुद करेंगे निगरानी

# पांच साल में शहर की सफाई पर खर्च होंगे 86 करोड़ रुपये

*कूड़े के निस्तारण का कार्य लगभग 25.50 करोड़ रुपये का रहेगा, जिसकी समयावधि 10 वर्ष की होगी।*

### उपायुक्त और निगम आयुक्त ने किया कई वार्डों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था पर पांच साल में करीब 86 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम द्वारा सरकार को भेजे गए टेंडर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से अनुमति मिल चुकी है। नियमों के मुताबिक टेंडर 90 दिन में शुरू किया जाना है लेकिन निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा का कहना है कि इससे काफी पहले ही टेंडर शुरू करवा दिया जाएगा। इसके बाद डोर टू डोर कूड़ा उठाने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं रहेगी। इसके अलावा कूड़े के निस्तारण का कार्य लगभग 25.50 करोड़ रूपये का रहेगा जिसकी समयावधि 10 वर्ष की होगी।

उपायुक्त सचिन गुप्ता, निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने शहर में कचरा उठान व साफ-सफाई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे शहर में कचरे का तुरंत उठान सुनिश्चित किया जाए ताकि शहर को सुंदर व साफ-सुथरा बनाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों के साथ अप्पू घर डिस्पोजल, जिला विकास भवन के पीछे, भिवानी स्टैंड व दिल्ली रोड का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित नगर निगम के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे स्वच्छता के कार्य को प्राथमिकता दें तथा शहर में साफ-सफाई सुनिश्चित करवाएं।





रोहतक। दिल्ली रोड का निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता व एडीसी नरेंद्र कुमार और मीटिंग लेते नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा।

### हर वार्ड में 7 नवम्बर तक चलेंगे अभियान

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत शहर में सभी वार्डो में विशेष अभियान चलाए जाएंगें। यह कार्य जिला प्रशासन, वार्ड सदस्यो, आरडब्ल्यूए, एनजीओ, मार्केट, औद्योगिक, होटल व बैंकट हॉल ऐसोसिएशन, समाज सेवी संस्थाए, धार्मिक संस्थान, शिक्षण संस्थान, स्वयं सहायता समूह, के सहयोग से चलाया जाएगा। यह अभियान आगामी 7 नवम्बर तक कुल 11 सप्ताह तक चलाया जायेगा।

**वार्डों की जिम्मेदारी बड़े अफसरों को:** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत अधिकारियों को संबंधित क्षेत्रों में साफ-सफाई की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र अलॉट किए गए है। निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा को शहरी क्षेत्र तथा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक को ग्रामीण क्षेत्र का ऑवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। एडीसी नरेंद्र कुमार को नगर निगम के वार्ड संख्या 2, 3, 4, 16 व 17, रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग को नगर निगम के वार्ड संख्या एक एवं 22, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव विरेंद्र सिंह दुल को नगर निगम के वार्ड संख्या 20 व 21, नगराधीश अंकित कुमार को वार्ड संख्या 5, 6, 7 व 8, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम को वार्ड संख्या 12, 13, 14 व 15, हरियाणा परिवहन के महाप्रबंधक विपिन कुमार को वार्ड संख्या 9, 10 व 11, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल को वार्ड संख्या 18 एवं 19 अलॉट किए गए है।

### ये करेंगे अधिकारी

नोडल अधिकारियों को फील्ड विजिट कर स्वच्छता अभियान व अन्य सुविधाओं की निगरानी करनी होगी। सांपला के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी का पदभार ग्रहण करने तक जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को सांपला खंड का नोडल अधिकारी लगाया गया है। रोहतक, महम व सांपला के उपमंडलाधीश नपा का कम से कम एक वार्ड एवं एक गांव प्रतिदिन आवश्यक रूप से चेक करेंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों व एजेंसियों को निर्देश दिए है कि वे कार्य से पूर्व एवं कार्य के उपरांत के फोटो प्रतिदिन रिपोर्ट के साथ संलग्न करें।

## दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि

# निस्वार्थ सेवा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करुणा और एकता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, युवा रेड क्रॉस (वाईआरसी) ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आर्य नगर ध्यान केंद्र के सहयोग से संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका पूज्य डॉ. दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। वाईआरसी कार्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्लॉक, भूतल, कमरा संख्या 104 में आयोजित यह कार्यक्रम विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 22 से 25 अगस्त तक भारत और नेपाल में एक लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित करके एक विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली विशाल राष्ट्रव्यापी पहल में योगदान दिया।

शिविर की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने की और ब्रह्माकुमारीज के निस्वार्थ प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उपस्थित लोगों को सेवा की भावना अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान करके, व्यक्ति दूसरों के जीवन में गहरा बदलाव लाते हैं और एक स्वस्थ एवं अधिक करुणामय समाज का निर्माण करते हैं।

मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक राजेश जैन ने कहा कि दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं जैसे संकटों में रक्तदान जीवन रेखा की तरह होता है, जिससे जरूरतमंदों की समय पर देखभाल सुनिश्चित होती है। गौकरण तीर्थ धाम के विशिष्ट अतिथि स्वामी कपिल पुरी महाराज ने थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों से ग्रस्त रोगियों के लिए नियमित रक्त आधान के महत्व पर प्रकाश डाला और ऐसे नेक कार्यों के लिए निरंतर सहयोग का आग्रह किया। शिविर का संचालन प्रो. अंजू धीमान, कार्यक्रम समन्वयक, वाईआरसी और निदेशक, विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम द्वारा सावधानीपूर्वक किया गया, साथ ही प्रो. राजकुमार, मुख्य सलाहकार (यूओपी), गुलाब सिंह दिमाना, अध्यक्ष जाट शिक्षा सोसायटी, डॉ. एसएन चुग (पूर्व सीएमओ), डॉ. अश्वनी, यूआईईटी के निदेशक आदि मौजूद रहे।

### न्यू विद्या भारती स्कूल धामड़ के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रोहतक।** न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल धामड़ के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। एचआईवी जागरूकता के लिए विज्ञान क्विज़ प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम में रिया, रीनू ने भाग लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। साथ ही, मनु ने जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में भी तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र हुड्डा एवं प्राचार्या सोनिया दूहन ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पाकस्मा के सरकारी स्कूलों और गांव में बांटे 2100 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पाकस्मा गांव के गवर्नमेंट बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधरोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर करीब 2100 पौधे स्कूल के बच्चों और ग्राम पंचायत को वितरित किए गए।

स्वामी नितानंद मिशन फाउंडेशन जटेला धाम दूबलधन माजरा डी के महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज के निर्देशन में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत छात्रों को पौधे बांटे गए। मिशन का उद्देश्य पर्यावरण को शुद्ध बनाना है। फाउंडेशन की सदस्य नेहा राणा ने बताया कि 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान के तहत यह पौधरोपण एवं पौधा वितरण किया गया है। इस अभियान के तहत एक साल में 51000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। गुरुपूर्णिमा के दिन इस अभियान की शुरूआत पांच बेटियों ने रोहतक से ही की थी। नेहा का कहना है कि प्रदेश के कई स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इस अभियान के तहत अब तक करीब 11,000 पौधे लगाए जा चुके हैं।



■ एक पेड़ गुरुजी के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण एवं पौधा वितरण किया

शनिवार को पाकस्मा गांव में दो स्कूलों और गांव के सरपंच के सहयोग से पौधों का वितरण किया गया। इस मौके पर गांव के सरपंच जयभगवान और पूर्व सरपंच सुखबीर सिंह, जितेंद्र राणा, सतीश जांगड़ा, जगजीत जांगड़ा, प्रशात राणा मौजूद रहे।

इसके अलावा गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र कादियान, टिचर सीमा, राजेश कुमारी, संगीता, पूजा, सूमन संधू, सूमन, सुनीता आर्या और शीला देवी, जबकि बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रिंसिपल डॉ. सुभाष सांगवान, पिंकी पीजीटी, सुशीला ग्रेवाल पीजीटी, निशा रानी पीजीटी संस्कृत, प्रीति पीजीटी पोलिटिकल साइंस, सविता रानी, ईएसएचएम, सुनील राठी टीजीटी, सरिता टीजीटी, कुसुम ड्राइंग टीचर, संदीप मलिक संस्कृत टीचर, सुमित जाखड़ एबीआरसी, विक्रम सिंह और योगेश शामिल रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**प्रतियोगिता** | प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने सभी विजेताओं को बधाई दी

# राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में अवेयरनेस प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग स्पर्धा



■ प्रश्नोत्तरी में प्रथम पुरस्कार राजकीय महिला कॉलेज रोहतक के कनिका और सर्विका को मिला



रोहतक। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा औरपोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में 25 अगस्त को एनवायरमेंट अवेयरनेस लोंग डे बाजार कार्यक्रम के तहत अंतर महाविद्यालय एनवायरमेंट अवेयरनेस प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इनमें से विज्ञान परिषद द्वारा विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं स्लोगन लेखन तथा फाइन आर्ट सोसाइटी द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभआरंभ प्राचार्य शमशेर हुड्डा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर लगभग 10 महाविद्यालयों (जीवीएम कॉलेज सोनीपत, हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत, गवर्नमेंट कॉलेज खरखोदा, महारानी किशोरी कन्या महाविद्यालय रोहतक, जाट कॉलेज रोहतक, सैनी कॉलेज रोहतक आदि ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में प्रथम पुरस्कार राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक के कनिका, सर्विका, रितिका, द्वितीय पुरस्कार हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत से प्राची जैन, मुस्कान, पल्लवी एवं तृतीय पुरस्कार जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत से खुशी, बुलबुल एवं निष्ठा को मिले। स्लोगन लेखन में प्रथम पुरस्कार हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत से तान्या जसपाल, द्वितीय पुरस्कार राजकीय महिला कॉलेज रोहतक से ईशा एवं तृतीय पुरस्कार महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज रोहतक से कोमल को मिले। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत से डोली, द्वितीय पुरस्कार राजकीय महिला कॉलेज रोहतक से तनु एवं तृतीय पुरस्कार हिंदू गर्ल्स कॉलेज सोनीपत से सुरजी को मिला।

प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने सभी विजेताओं को बधाई दी एवं अन्य छात्र-छात्राओं को भी इस प्रतियोगिता से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रचनात्मक एवं पर्यावरण हितैषी जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए हम स्वच्छ वातावरण बना सके।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उप प्राचार्या डॉ. मीनू नैन, डॉ. रितु हुड्डा, डॉ. रेनू बुधवार, साइंस सोसायटी की संयोजिका डाक्टर मंजू छिक्कारा, फाइन आर्ट सोसाइटी की संयोजिका डॉ. दीपांजलि, डॉक्टर सोनिका, डॉक्टर सोनू, डॉक्टर नेहा, डॉक्टर विकास, डॉ. सोनिया, डॉ. राधा राठी, डॉक्टर माधुरी, डॉ. अनु मौजूद रहे।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विशेष ध्यान सत्र में मानसिक शांति एवं आत्म चिकित्सा के महत्व से अवगत कराते हुए योग प्रशिक्षिका ज्योति।

# बीएमयू में छात्रों को दी मानसिक शांति व आत्म चिकित्सा की सीख

■ हीलिंग विद रिलीज़ एंड रिस्टोर' पर विशेष ध्यान सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय एवं योग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर का वातावरण सुबह से ही आध्यात्मिक और ऊर्जावान बना रहा। 'हीलिंग विद रिलीज़ एंड रिस्टोर' विषय पर आयोजित इस सत्र में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और ध्यान साधना के माध्यम से आत्मिक शांति का अनुभव किया।

सत्र की मुख्य अतिथि एवं वक्ता रही नेचुरोपैथी विशेषज्ञ डॉ. ऋतु जैन और योग प्रशिक्षिका ज्योति ने प्रतिभागियों को तनाव मुक्ति, मानसिक शांति और आत्म चिकित्सा की विशेष विधियों से अवगत कराया। डॉ. ऋतु जैन ने कहा कि हमारे जीवन की सबसे बड़ी चुनौती तनाव और नकारात्मक विचार हैं। ध्यान इन दोनों को नियंत्रित करने का सशक्त साधन है। ज्योति ने प्रतिभागियों को बताया कि ध्यान केवल साधना भर नहीं है, बल्कि यह आत्मिक उपचार का वैज्ञानिक तरीका है। सत्र के संयोजक डॉ. गौरव दलाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों और अध्यापकों दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।